# BPSC (66वीं-जुलाई, 2021) परीक्षा में पूछे गए भूगोल (वैकल्पिक विषय) के प्रश्न-पत्र

## खण्ड - I

1. (a) प्लेट विवर्तनिकी क्या है? प्लेट संचलन कैसे भूपटल में बदलाव लाता है?
   (b) शुष्क पर्यावरण के अपरदन और निक्षेपण भू-आकृतियों का वर्णन करें।

2. (a) विभिन्न प्रकार के वाताग्र और उनसे संबंधित मौसम का विवरण दें।
   (b) जलचक्र क्या है? इस चक्र के विभिन्न अवयव मिलकर कैसे काम करते हैं?

3. (a) विश्व की प्रमुख महासागरीय धाराएँ कौन-सी हैं? उत्तरी अटलांटिक प्रवाह और लैब्राडोर धारा का तटीय क्षेत्रों की जलवायु पर प्रभाव की तुलना और अन्तर बताएँ?
   (b) पारिस्थितिक संतुलन और असंतुलन से आप क्या समझते हैं? भूमण्डलीय पारिस्थितिक असन्तुलन में योगदान देने वाले तत्वों का वर्णन करें।

4. (a) भूगोल में विरोधाभास और द्वैतवाद से आप क्या समझते हैं?
   (b) व्यवहारवादी भूगोल की मुख्य विशेषताओं का वर्णन करें।

5. (a) विश्व में मानव नस्लों की विशेषताओं और उनके भौगोलिक वितरण का वर्णन करें।
   (b) विश्व में नगरीय फैलाव और वृद्धि से संबंधित कौन-सी समस्याएँ हैं?

6. (a) संघवाद क्या है? भू-सांस्कृतिक विविधताओं वाले देश में सफलतापूर्वक शासन के लिए इसकी आवश्यकता क्यों है?
   (b) व्हिट्लिसी द्वारा विश्व को कृषि प्रदेशों में वर्गीकृत करने का आधार क्या है?

## खण्ड - II

7. (a) भारत के मुख्य भूप्राकृतिक खण्ड कौन-से हैं? हिमालय की विभिन्न श्रेणियों और धरातलीय कृतियों का वर्णन करें।
   (b) भारत में जनजातीय जनसंख्या के भौगोलिक वितरण का विवरण दें।

8. (a) भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन का क्या महत्व है?
   (b) भारत के वन-आधारित मुख्य उद्योग तथा उनके भौगोलिक वितरण का विवरण दें।

9. (a) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की भारत में सड़क निर्माण और रखरखाव में क्या भूमिका है?
   (b) पिछले तीन दशक में भारत के नगरों में गन्दी बस्तियों का फैलाव क्यों हुआ? ये नगरीय पर्यावरण को कैसे प्रभावित कर रहे हैं?

10. (a) भारत में विकास स्तर में प्रादेशिक असमानता के मुख्य कारण क्या हैं?
    (b) भारत-चीन सीमा विवाद मुद्दे पर चर्चा करें।

11. बिहार में कृषि भूमि-उपयोग और फसल प्रणाली की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं? प्रदेश की कृषि समस्याओं का विश्लेषण करें।

12. (a) बिहार में औद्योगिक पिछड़ेपन के कारण और परिणाम पर प्रकाश डालें।
    (b) बिहार देश में सबसे कम शहरीकृत राज्यों में क्यों शामिल है?

# BPSC (65वीं-नवम्बर, 2020) परीक्षा में पूछे गए भूगोल (वैकल्पिक विषय) के प्रश्न-पत्र

## खण्ड - I

1. 'अपरदन चक्र' के सम्बन्ध में डेविस और पेंक के विचारों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत कीजिए।

2. (a) कोपेन के विश्व के जलवायु के वर्गीकरण का विवरण दीजिए एवं इसके गुण-दोषों को बताइए।
   (b) हिन्द महासागर की तलहटी के उच्चावचन का वर्णन कीजिए।

3. (a) विश्व की मृदाओं का एक सामान्य वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए तथा उनकी विशेषताओं को संक्षेप में बताइए।
   (b) पारिस्थितिकी तंत्र पर मानव के प्रभाव की विवेचना कीजिए तथा पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के उपाय सुझाइए।

4. नियतिवाद एवं संभववाद के विकास के कारणों एवं परिणामों का मूल्यांकन कीजिए।

5. (a) विश्व के प्रमुख सांस्कृतिक प्रदेशों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
   (b) भारत से उदाहरण देकर नगरीय प्रभाव के क्षेत्रों को समझाइए।

6. (a) सीमान्तों, सीमाओं तथा बफर क्षेत्र की विशेषताओं का, उदाहरण देते हुए, विश्लेषण कीजिए।
   (b) उद्योगों के स्थानीयकरण के लिए उत्तरदायी कारकों की विवेचना कीजिए।

## खण्ड - II

7. (a) क्या भारतीय मानसून की उत्पत्ति एवं क्रियाविधि इसकी परिवर्तनशील एवं अविश्वसनीय प्रकृति के लिए उत्तरदायी है? विवेचना कीजिए।
   (b) भारत में जनसंख्या के असमान वितरण की व्याख्या कीजिए।

8. (a) भारत में हरित क्रांति के परिणामों की विवेचना कीजिए।
   (b) भारत के प्रमुख औद्योगिक प्रदेशों का विवरण दीजिए।

9. (a) भारत में आन्तरिक जल परिवहन के विकास पर प्रकाश डालिए।
   (b) बिहार में पायी जाने वाली ग्रामीण बस्तियों के वितरण प्रतिरूप का वर्णन कीजिए।

10. (a) भारत में प्रादेशिक विकास में क्षेत्रीय असमानताएँ क्यों हैं?
    (b) अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं पर भारत की क्या समस्याएँ हैं?

11. बिहार को प्रमुख भौतिक प्रदेशों में बाँटिए तथा किसी एक प्रदेश का विस्तृत वर्णन कीजिए।

12. बिहार में जनजाति जनसंख्या की समस्याओं का उल्लेख कीजिए तथा इनके समाधान के लिए राज्य के द्वारा उठाए जा रहे कदमों की विवेचना कीजिए।

GS World Committed To Excellence

# BPSC (64वीं-जुलाई, 2019) परीक्षा में पूछे गए भूगोल (वैकल्पिक विषय) के प्रश्न-पत्र

## खण्ड - I

1. प्लेट विवर्तनिकी का सटीक परीक्षण कीजिए तथा उसका भूपृष्ठ के प्रमुख भूकम्पों के उत्क्रांति से संबंध स्पष्ट कीजिए।

2. (a) वायुराशियाँ तथा वाताग्र की संकल्पनाएं स्पष्ट कीजिए। चक्रवात की निर्मिति में वाताग्र का योगदान कितने हद तक होता है, स्पष्ट कीजिए।
   (b) समुद्र निक्षेप के प्रमुख स्रात और उनका समुद्र पृष्ठभाग पर खड़ा वितरण स्पष्ट कीजिए।

3. (a) मृदा उत्पत्ति में लिप्त घटकों और मृदा के जागतिक वितरण में उनकी भूमिका की चर्चा कीजिए।
   (b) मानसून वन जीवोम की मुख्य पारिस्थितिक विशेषताएं स्पष्ट कीजिए।

4. भूगोल में मात्रात्मक तथा व्यवहारात्मक क्रांतियों की सटीक तुलना कीजिए तथा विषय के विकास में उनकी भूमिका का परीक्षण कीजिए।

5. (a) जनसांख्यिकीय संक्रमण क्या है? इसका जागतिक जनसंख्या वितरण पर कैसे असर हुआ है?
   (b) नगरों की आंतरिक संरचना को नियंत्रित करने वाले घटकों की चर्चा कीजिए।

6. (a) केंद्र स्थल तथा उपांत स्थल, दोनों संकल्पनाओं में क्या अंतर है? आज के जग में इनका क्या मूल्य है?
   (b) समकालीन जागतिक व्यापार प्रतिरूप का संक्षिप्त स्पष्टीकरण कीजिए।

## खण्ड - II

7. (a) भारत के मृदा वितरण का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
   (b) क्षेत्रीय विविधताओं के साथ भारत की जनसंख्या की समस्याओं का परीक्षण कीजिए।

8. (a) भारत की मुख्य पारिस्थितिक समस्याओं की चर्चा कीजिए तथा उनके उपाय योजनाओं की प्रभावशीलता का परीक्षण कीजिए।
   (b) भारत में सिंचाई और फसलों की गहनता में संबंध स्पष्ट कीजिए।

9. (a) भारत में कृषि-आधारित उद्योगों का स्थानीकरण नियंत्रित करने वाले घटकों की चर्चा कीजिए।
   (b) भारत में ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के बाजार केंद्रों की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

10. (a) बिहार की नगरी विकास समस्याएं स्पष्ट कीजिए और उन पर काबू पाने के लिए उपाय योजना सुझाइए।
    (b) हिंद महासागर क्षेत्र का भू-राजनैतिक महत्व स्पष्ट कीजिए।

11. बिहार के प्रादेशिक विकास समस्याओं की चर्चा कीजिए तथा इस परिस्थिति में सुधार लाने के लिए उपाय योजना सुझाइए।

12. बिहार का कृषि प्रतिरूप स्पष्ट कीजिए तथा इस प्रतिरूप के उत्तरदायी घटकों की चर्चा कीजिए।

GS World Committed To Excellence

# BPSC (63वीं-जनवरी, 2019) परीक्षा में पूछे गए भूगोल (वैकल्पिक विषय) के प्रश्न-पत्र

## खण्ड - I

1. संबंधित आयामों के साथ कार्स्ट भू-आकृति के निर्माण के लिए अपेक्षित स्थितियों की विवेचना कीजिए।

2. (a) उष्ण कटिबन्ध और समशीतोष्ण चक्रवात का, उनके उद्भव, विकास, लक्षण और प्रभाव के विशेष सन्दर्भ में उदाहरण सहित तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए।
   (b) लवणता के नियामक परिबल कौन-कौन से हैं? महासागर में इसके समान्तर और ऊर्ध्व वितरण की व्याख्या कीजिए।

3. (a) मूँग चट्टानों की वृद्धि के लिए अपेक्षित अनुकूल स्थितियों की चर्चा कीजिए और मूँगों के विरंगीकरण के कारणों पर प्रकाश डालिए।
   (b) समशीतोष्ण घास मैदान जीवोम (बायोम) की पारिस्थितिक पहलुओं की व्याख्या कीजिए।

4. भूगोल के वैज्ञानिक विकास पर मात्रात्मक क्राति के प्रभाव की चर्चा कीजिए।

5. (a) अन्तर्राष्ट्रीय स्थानान्तर के वर्तमान परिबलों का योग्य उदाहरण देकर विश्लेषण कीजिए।
   (b) तीसरी दुनिया के नगरीकरण से जुड़ी समस्याओं का सोदाहरण विश्लेषण कीजिए।

6. (a) सीमान्त, सीमा और बफर क्षेत्र के सन्दर्भ में अन्तर्राष्ट्रीय विवादों के स्वरूप की चर्चा कीजिए।
   (b) आर्थिक विकास के वैश्विक सूचकांकों की व्याख्या कीजिए और विकास के वैश्विक प्रारूपों का विश्लेषण कीजिए।

## खण्ड - II

7. (a) भारत के भू-वैज्ञानिक इतिहास का युग, तंत्र और संबंधित भू-स्वरूप, चट्टान और खनिजों के सन्दर्भ में, उदाहरण सहित संक्षेप में उल्लेख कीजिए।
   (b) भारत के अन्तर-राज्य और सीमापार के स्थानान्तरणों से जुड़ी समस्याओं की चर्चा कीजिए और उन समस्याओं से उबरने की नीतियों और उपायों को सुझाइए।

8. (a) कृषि आवश्यकताओं और ग्रामीण अधिवासों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हाल ही में किए गए जल संसाधनों के संरक्षण के उपाय कौन-कौन से हैं?
   (b) क्षेत्रांतरीय और अंतःक्षेत्रीय व्यापार प्रोत्साहन और विकास में बाजार नगरों की भूमिका की चर्चा कीजिए।

9. (a) कृषि-जलवायु प्रदेशों के अधार कौन-कौन से हैं? उन प्रदेशों की कृषि विकास की केन्द्रीय नीतियों की व्याख्या कीजिए।
   (b) भारत में योजना की इकाई के रूप में जनपद के गुणों और अवगुणों की सोदाहरण व्याख्या कीजिए।

10. (a) ई.स. 2000 से किए गए राज्य पुनर्गठन के आधारों की न्यायसंगति सिद्ध कीजिए और उसके परिणामों को उदाहरण देकर समझाइए।
    (b) बिहार में समग्र आर्थिक विकास हेतु ग्रामीण आर्थिक संरचना में सुधार लाने के योग्य उपाय बताइए।

11. बिहार में आबादी के बहिर्गमन और निम्नस्तरीय नगरीकरण के कारणों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

12. बिहार का बाढ़ प्रभावित और सूखा प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं को काबू में रखने के लिए प्रतिरोधात्मक और निदानात्मक उपायों का उल्लेख कीजिए।

GS World Committed To Excellence

# BPSC ( 60-62वीं-अप्रैल 2018 ) परीक्षा में पूछे गए भूगोल ( वैकल्पिक विषय ) के प्रश्न-पत्र

## खण्ड - I

1. अपरदन चक्र की संकल्पना के सम्बन्ध में डेविस एवं पेंक के विचारों की तुलना एवं उनका आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

2. (a) कोपेन के जलवायु वर्गीकरण की योजना की विवेचना कीजिए तथा विश्व के प्रमुख जलवायु प्रकारों के जलवायविक विशेषताओं क वर्णन कीजिए।
   (b) हिन्द महासागर की तली के उच्चावच स्वरूप का वर्णन कीजिए।

3. (a) वैश्विक पारिस्थितिक असंतुलन के उत्तरदायी कारकों की विवेचना कीजिए।
   (b) सवाना वन जीवोम (बायोम) की पारिस्थितिक पहलुओं पर टिप्पणी कीजिए।

4. निश्चयवाद एवं संभववाद की अवधारणाओं की समीक्षा कीजिए।

5. (a) विश्व को सांस्कृतिक प्रदेशों में विभाजित कीजिए तथा उनके सांस्कृतिक लक्षणों का वर्णन कीजिए।
   (b) ग्राम-नगर उपान्त के लक्षण एवं परिसीमन की विधियों की विवेचना कीजिए।

6. (a) अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं का वर्गीकरण एवं लक्षण प्रस्तुत कीजिए।
   (b) उद्योगों की अवस्थिति के लिए उत्तरदायी कारकों का विश्लेषण कीजिए।

## खण्ड - II

7. (a) भारत को भौतिक प्रदेशों में विभाजित कीजिए तथा प्रमुख प्रदेशों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
   (b) भारत के जनजाति क्षेत्रों एवं उनकी समस्याओं को पहचानिए तथा समस्याओं के निराकरण के उपाय सुझाइए।

8. (a) भारत के वन संसाधनों के संरक्षण के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?
   (b) भारत में 'हरित क्रांति' के प्रभावों का मूल्यांकन कीजिए।

9. (a) भारत के औद्योगिक प्रदेशों का उल्लेख कीजिए तथा किसी एक प्रदेश का विस्तृत वर्णन कीजिए।
   (b) भारत की अर्थव्यवस्था पर 'स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना' के प्रभावों का मूल्यांकन कीजिए।

10. (a) बिहार में पाए जाने वाले ग्रामीण अधिवास प्रतिरूपों का वर्णन कीजिए।
    (b) भारत की अन्तर्राष्ट्रीय स्थलीय सीमाओं पर विद्यमान समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

11. क्षेत्रीय असमानताओं को ध्यान में रखते हुए बिहार के लिए एक विकास योजना तैयार कीजिए।

12. बिहार का मानव संसाधन इसकी सम्पदा है या समस्या? टिप्पणी कीजिए।

GS World Committed To Excellence

# BPSC (56-59वीं-जुलाई 2016) परीक्षा में पूछे गए भूगोल (वैकल्पिक विषय) के प्रश्न-पत्र

## Paper-I

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर टिप्पणियाँ लिखिए (प्रत्येक लगभग 225 शब्दों में):
   (a) नव-निश्चयवाद
   (b) ग्रामीण-नगरीय उपान्त
   (c) उत्तरी अटलांटिक व्यापारिक मार्ग
   (d) सूर्यातपन (सूर्याभिताप)
   (e) पृथ्वी की आन्तरिक संरचना
   (f) मृदा परिच्छेदिका

### खण्ड - I

2. वायुमण्डल की संरचना का वर्णन कीजिए तथा वायुमण्डल की प्रत्येक परत की मुख्य विशेषताओं की विवेचना कीजिए।

3. 'प्लेट विवर्तनिकी' से क्या आशय है? पृथ्वी की प्रमुख प्लेटों व उनके वितरण को स्पष्ट कीजिए।

4. 'महासागरीय तली' के धरातलीय स्वरूप की व्याख्या कीजिए। महाद्वीपीय शेल्फ, महाद्वीपीय ढाल, गहरे सागरीय मैदान तथा महासागरीय गर्त से क्या अभिप्राय है?

5. जीवोम (बायोम) से क्या अभिप्राय है? एशियाई मॉनसूनी वन जीवोम के पारिस्थितिकीय तथ्यों की विवचेना कीजिए।

### खण्ड - II

6. एच. जे. मैकिन्डर के 'हृदयस्थल सिद्धांत' तथा एन.जे. स्पाइकमैन के 'रिमलैण्ड सिद्धान्त' के बीच तुलना कीजिए।

7. 'भौतिक भूगोल' तथा मानव भूगोल' के बीच द्वैतवाद पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

8. डी. व्हिटिल्येसी द्वारा प्रस्तुत विश्व के कृषि प्रदेशों के वर्गीकरण की विवेचना कीजिए तथा उकसे वर्गीकरण के आधार भी बताइए।

9. किसी नगर के प्रधान व्यावसायिक क्षेत्र (सी.बी.डी.) से क्या अभिप्राय है? किसी नगर के सी.बी.डी. की मुख्य विशेषताओं की विवेचना कीजिए।

## Paper-II

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। प्रत्येक का उत्तर 150 शब्दों में होना चाहिए।
   (a) भारतीय भूवैज्ञानिक इतिहास के सन्दर्भ में प्रमुख भू-आकृति की विशेषताओं के निर्माण का वर्णन कीजिए।
   (b) बुन्देलखंड, मराठवाड़ा और तेलंगाना क्षेत्रों के विशेष सन्दर्भ में भारत में सूखा पड़ने की स्थिति के लिए जिम्मेदार मुख्य कारणों की चर्चा कीजिए। उन्हें दूर करने के योग्य सुझाव भी बताइए।
   (c) मानव संसाधनों के बिहार से बर्हिगमन के मुख्य कारणों का विवरण दीजिए और राज्य की अर्थव्यवस्था और विकास पर पड़ने वाले उसके प्रभावों की भी चर्चा कीजिए।

(d) संतुलित क्षेत्रीय विकास को प्राप्त करने में बाजार-केन्द्रों की भूमिका का उपयुक्त उदाहरणों सहित वर्णन कीजिए।

(e) बिहार के विशेष सन्दर्भ में भारत में आन्तरिक जलमार्गों का भौगोलिक विवरण दीजिए।

(f) बिहार में हरित और श्वेत क्रांति में सफता पाने में मुख्य कठिनायाँ क्या हैं?

2. "भारत में मृदा और जैव विविधता भूवैज्ञानिक संरचना, भूपृष्ठ और जलवायु का परिणाम है।" उदाहरण सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए।

3. ऊपरी क्षोभमंडलीय परिस्थितियों और एल नीनो की घटना के सन्दर्भ में भारतीय मॉनसून की प्रक्रिया की चर्चा कीजिए।

4. बिहार के बाजार और उद्योग अभिमुखी कृषि-पशुपालन विकास की क्षमताओं की उदाहरण सहित चर्चा कीजिए।

5. (a) "क्षेत्रीय विकास स्तरों में भारत की उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण नीतियों के कारण असमानताएँ बढ़ गई हैं।" इस कथन की सोदाहरण व्याख्या कीजिए।

(b) भारत में सन्तुलित विस्तारीय शहरी विकास पाने में छोटे और मझोले शहरों की भूमिका का उदाहरण सहित समीक्षात्मक मूल्यांकन कीजिए।

6. भारत में अन्तर-क्षेत्रीय और अन्तः क्षेत्रीय माल ढुलाई में रेल-सड़क मार्ग व्यवस्था की भूमिका का उपयुक्त उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

7. प्रखण्ड-स्तरीय आयोजन के ध्येयों का उल्लेख कीजिए और भारत में विकास में विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया में उसकी भूमिका की उदाहरण सहित चर्चा कीजिए।

8. "बिहार में हस्तकरघा और हस्तकला उद्योगों के विकास की अत्यधिक क्षमता है।" इस कथन की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

9. भारत में उच्च आबादी घनत्व वाले क्षेत्रों के भौगोलिक कारण बताइए और उनसे जुड़े समस्याओं के समाधान के उपाय भी बताइए।

GS World Committed To Excellence